**अपराध** कोतवाली थाना क्षेत्र की बिलैया तलैया सब्जी मंडी के पास रूपए के लेनदेन पर किया गया चाकू से हमला


# युवक को चाकू मारने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र के बिलैया तलैया सब्जी मंडी में रूपयों के लेने देन पर एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 22 मई जिला अस्पताल से सूचना दी गई थी कि गिरजा घाट निवासी प्रशांत सोनी पिता विष्णु सोनी (38 वर्ष) को गंभीर घायल अवस्था में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची और घायल से घटना के संबंध में पूछताछ की। घायल प्रशांत सोनी ने बताया कि उसका अभिलाष उर्फ अब्बू चौरसिया से पैसों के लेन-देन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। वह अपना पैसा लेने बिलैया सब्जी मंडी पहुंचा था, जहां लक्ष्मी प्रसाद उर्फ बुच्चड़ चौरसिया, अभिलाष उर्फ अब्बू चौरसिया, राज उर्फ प्यारे



चौरसिया, शुभम उर्फ चुन्नू और एक अन्य नाबालिग युवक मौजूद था। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया। इसी बीच बुच्चड़ चौरसिया ने अन्य साथियों को उकसाते हुए प्रशांत सोनी पर हमला करने के लिए कहा, जिसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से चाकुओं से पीठ, कमर और बाएं हाथ पर कई वार किए। लात-घूंसों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। चाकू के हमले से गंभीर रूप से घायल हुए युवक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी और घायल को समुचित इलाज सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली राखी पांडेय द्वारा विशेष टीम गठित कर आरोपियों के संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी गई। दबिश के दौरान कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों को चंद घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज पाए गए हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों में कोतवाली थाना क्षेत्र के बिलैया तलैया निवासी लक्ष्मी प्रसाद उर्फ बुच्चड़ पिता नत्थूलाल चौरसिया (59वर्ष), गांधी गंज निवासी राज उर्फ प्यारे पिता रामचरण चौरसिया, (21 वर्ष), बिलैया तलैया सब्जी मंडी निवासी अभिलाष उर्फ अब्बू पिता रामचंद्र चौरसिया, (27 वर्ष), बिलैया तलैया सब्जी मंडी निवासी शुभम चौरसिया उर्फ चुन्नू पिता रामचंद्र चौरसिया, (26 वर्ष) है। आरोपियों एक 16 वर्षीय नाबालिग युवक भी शामिल है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश और पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके कारण यह वारदात हुई। घायल का इलाज कराया जा रहा है।

आरोपियों की गिरफ्तारी में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पांडेय, एसआई कुलदीप सिंह, एएसआई रामेश्वर प्रसाद पटेल, प्रधान आरक्षक अखंड प्रताप, वीरेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र सिंह, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, नीरज तिवारी, आरक्षक अजय प्रताप, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, अजीत सिंह, अभिषेक राय, अनिल गौतम, अमरजीत सिंह, मंसूर हुसैन, दिनेश सेन सहित विकास राय की भूमिका रही।



# जल्द शुरू कराई जाएं सड़क और सिंचाई परियोजनाएं

**सीएम से मिले विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक**

**नवभारत, कटनी।** जिले के विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात कर विजयराघवगढ़ विधानसभा के किसानों 50 हजार एकड़ भूमि सिंचित करने वाली 566 करोड़ की लागत से प्रारंभ होने वाली बरही सूक्ष्म उद्यम सिंचाई योजना को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान होने पर आभार धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही उन्होंने बरही मैहर मार्ग पर 93 करोड़ की लागत से दोबारा निर्मित होने वाले कुटेश्वर पुल के कार्य को विभागीय स्तर पर तेजी लाने, बरही नगर के बायपास निर्माण के लिए भू-अर्जन कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश देने की मांग की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा के खितौली, जगुआ, पत्थरहटा, सिजहनी, देवसरी इंदौर, घुनसुर, जलाशयों का जीर्णोद्धार और नहरों की लाइनिंग की स्वीकृति के काम को जल्द से जल्द कराने के निर्देश देने की मांग की। बडवारा जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत परसवारा के समीप महानदी और उमराड नदी के संगम से लिफ्ट सिंचाई परियोजना बना कर विधानसभा के बाकि बचे हिस्से के गांवों खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की डीपीआर जल्द से जल्द बनाकर भेजने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश देने की मांग भी की गई है। आपको बतादें कि इन परियोजनाओं के पूरा होने से विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। खासतौर पर किसानों को सिंचाई के पर्याप्त पानी मिलेगा। आवागमन की सुविधाएं बढ़ेंगी। इस वजह से परियोजनाओं कार्य शुरू कराने की मांग की गई है।

**एक नजर में**

## मूंग-उड़द बेचने के लिए पोर्टल पर कराए पंजीयन

**नवभारत, कटनी।** जिले में कृषि वर्ष 2025-26 के तहत ग्रीष्मकालीन फसल मूंग और उड़द की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 25 मई से शुरू होकर 15 जून तक किया जाएगा। किसान सभी कार्य दिवसों में ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकेंगे। कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा जिले भर में 23 पंजीयन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को सुविधा मिल सके। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार कटनी नगर तहसील में कुठला और चाका 2 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। जबकि तहसील ढ़ीमरखेड़ा में पानउमरिया, खमतरा, ढीमरखेड़ा, दशरमन, सिलौडी और झिन्ना पिपरिया सहित कुल 6 केंद्रों पर पंजीयन की सुविधा रहेगी। इसी प्रकार तहसील में स्लीमनाबाद में 2 केंद्र स्लीमनाबाद और तेवरी में किसान पंजीयन करा सकेंगे। वहीं तहसील बहोरीबंद के अंतर्गत 4 पंजीयन केंद्र बहोरीबंद, हथियागढ़, कुआं और बाकल निर्धारित किए गए हैं। वहीं तहसील बड़वारा में 3 केंद्र बड़वारा, बिलायतकला, बसाड़ी, तहसील बरही में 1 केन्द्र बरही और तहसील विजयराघवगढ़ में 3 केन्द्र सिन्गौंडी, विजयराघवगढ़, जिवारा में पंजीयन की सुविधा होगी।

# मंगल भवन निर्माण कार्य में गुणवत्ता दरकिनार

**ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग**



**नवभारत, कटनी।** जिले के ग्राम पंचायत पनसोखर में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से बन रहे मंगल भवन और प्रशिक्षण केंद्र में घटिया निर्माण के गंभीर आरोप लगे हैं। लगभग 30 लाख की लागत से बन रहे इस भवन में तकनीकी मापदंडों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत जनपद कार्यालय में दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा पकी हुई । ईंटों के स्थान पर पीली और मिट्टी मिली कच्ची ईंटों का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है। सबसे बड़ी लापरवाही पिलरों के निर्माण में सामने आई है, प्राकलन के अनुसार पिलर 14 इंच के होने चाहिए थे, लेकिन मौके पर मात्र 9 इंच के कमजोर पिलर बनाए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत बड़वारा की सीईओ प्रभा सिंह ने तकनीकी टीम गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई और निर्माण में सुधार नहीं हुआ, तो वे प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उग्र प्रदर्शन करेंगे।

# ढीमरखेड़ा के आबादी क्षेत्र में बाघ की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

**कराई मुनादी, शाम होते ही घर में कैद हो जाते हैं ग्रामीण**



**नवभारत,कटनी।** जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के जिर्री गांव और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में बाघ की दस्तक से दहशत का महौल है। बाघ ने दो पालतू मवेशियों का शिकार कर लिया है। जिसके बाद से ग्रामीण काफी डरे हुए हैं। ग्रामीणों में इतना भय व्याप्त है कि अंधेरा होते ही घरों से बाहर नहीं निकल और खेतों की ओर भी नहीं जा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पहले दिन ही वन विभाग को बाघ के आने की सूचना दे दी थी, लेकिन शुरुआत में विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विभाग के कर्मचारी इलाके में बाघ होने की बात मानने को तैयार नहीं थे। लेकिन दूसरे दिन जब बाघ ने एक और मवेशी का शिकार कर लिया, तब जाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अब ग्रामीणों को डर सता रहा है कि बाघ किसी इंसान पर भी हमला कर सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि विभाग सिर्फ आश्वासन नहीं दे, बल्कि जमीन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करे। बाघ की पुष्टि होने के बाद अधिकारियों ने इलाके में गश्त बढ़ा दिया गया है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक उन्हें जमीन पर कोई विशेष इंतजाम नजर नहीं आ रहे हैं। विभाग की उदासीनता की वजह से ग्रामीणों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। हालांकि वन विभाग का कहना है कि प्रभावित ग्रामीण इलाकों में मुनादी पिटवाकर लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी है। वन अमला क्षेत्र में गश्त कर रहा है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दे दी गई है। जल्द ही क्षेत्र में सुरक्षा के और अधिक पुख्ता इंतजाम कराए जाएंगे।

ग्रामीणों को सावधान रहने की हिदायत दी गई है। ग्रामीणों रात के समय जंगल की ओर जाने से मना कर दिया गया है।

# गौशाला में गौवंश के लिए करें बेहतर व्यवस्था, पर्याप्त मात्रा में रखें हरा चारा

**कलेक्टर के निर्देश पर उप संचालक ने किया निरीक्षण**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार उपसंचालक पशु डॉ आर के सोनी ने शनिवार को जिले की दो गौशालाओं कृष्णा गौशाला ग्राम बरनमहगवां, नंद गोपाल गौशाला ग्राम ताली रोहनिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशुओं की संख्या का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापित आंकड़ों को गौशाला ऐप में दर्ज किया गया। निरीक्षण के समय बरनमहगवां गौशाला की स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी बाई कोल और ताली रोहनिया गौशाला के अध्यक्ष मन्नारायण उपाध्याय उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान गौशाला कर्मचारियों को समुचित प्रबंधन बनाए रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने, तथा हरे चारे के उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से बरनमहगवां गौशाला में पशुओं को भूसे, हरे चारे के साथ संतुलित पशु आहार—खली, चुनी और चोकर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही सभी हौदियों में 24 घंटे स्वच्छ और ताजा पानी उपलब्ध कराने, उनकी नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

हौदियों की अंदरूनी सतह पर सप्ताह में दो बार चूने की पुताई करने के भी निर्देश दिए गए।

दोनों गौशालाओं में मृत पशुओं के समुचित निस्तारण के लिए उन्हें गड्ढे में दफनाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पालन किया जा सके।

# 2865 मरीजों की जांच, 180 का होगा ऑपरेशन

**बड़वारा के सांदीपनि सरकारी स्कूल में लगाया गया शिविर**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के बड़वारा क्षेत्र के ग्रामीणों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में दो दिवसीय विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर विधायक बड़वारा धीरेंद्र बहादुर सिंह और आरपी फाउंडेशन के संस्थापक, भोपाल के अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से आयोजित किया गया है। शिविर के पहले दिन काफी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। शिविर में आधुनिक मशीनों के माध्यम से डिजिटल एक्स-रे, ईसीजी, इको, सोनोग्राफी, डायबिटीज और विभिन्न प्रकार की ब्लड टेस्ट जांच पूरी तरह नि:शुल्क की गईं। इसके साथ ही मरीजों को डॉक्टरों के परामर्श के अनुसार मुफ्त दवाइयां भी दी गईं। शिविर के पहले दिन महिला रोग, हृदय रोग, श्वास, त्वचा, नेत्र, दंत, नाक-कान-गला, सर्जरी, हड्डी, शिशु रोग सहित सामान्य रोगों के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 2,865 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के दौरान गंभीर और जटिल बीमारियों से ग्रसित लगभग 180 मरीजों को चिन्हित किया गया है। इन मरीजों को आगे के संपूर्ण और आधुनिक इलाज के लिए भोपाल के हॉस्पिटल रेफर किया जाएगा। जहां उनके रहने, खाने, आवागमन, जांच, इलाज और ऑपरेशन की पूरी व्यवस्था पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी। इस अवसर पर बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समाज के अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से कहा कि वे रविवार को भी शिविर में आकर इस सुलभ चिकित्सा सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। आयोजन के दौरान क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, वालंटियर्स उपस्थित रहे।

**आज कारगिल चौक में होगा राहगीरी डे का आयोजन-** नवभारत, कटनी। शहरवासियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा रविवार 24 मई को सुबह 7 बजे से गर्ग चौराहा से कारगिल चौक मार्ग पर राहगीरी डे कैंपेन 2026 का सातवां आयोजन किया जाएगा।

# निर्माण कार्य में गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी पर नाराज हुई महापौर, जांच के निर्देश

**बगैर मजबूत बेस के बनाई जा रही थी नाली**



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम क्षेत्र के मसुरहा वार्ड में निर्माणाधीन नाली निर्माण कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में लापरवाही सामने आने पर महापौर ने संबंधित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय नागरिकों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर फीडबैक लिया। नागरिकों द्वारा शिकायत की गई कि नाली निर्माण कार्य बिना मजबूत आधार के ही कराया जा रहा है। शिकायत सुनते ही महापौर ने मौके पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें कई स्थानों पर तकनीकी मानकों की अनदेखी दिखाई दी। इस पर महापौर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। महापौर ने स्पष्ट रूप से नाराजगी जताते हुए कहा कि टाइम कीपर कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं रहते हैं, ऐसे में निर्माण कार्यों की सही मॉनिटरिंग कैसे होगी।

जिम्मेदार अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण करें और गुणवत्ता से कराया जाए। महापौर ने निर्देशित किया कि पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों के हितों से जुड़े विकास कार्य पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ होना चाहिए, ताकि आमजन को स्थायी और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य उपस्थित रहे।


**GOVT. OF INDIA, MINISTRY OF DEFENCE**
**ORDNANCE HOSPITAL KHAMARIA,**
**(OFH-OFK/DoO) JABALPUR (M.P.)- 482005**

**WALK-IN- INTERVIEW**

**REQUIRES HIRED MEDICAL PRACTITIONERS (HMP) IN UNRESERVED CATEGORY FOR ORDNANCE HOSPITAL, KHAMARIA, JABALPUR.**

A walk-in-interview shall be held at Ordnance Factory Hospital Khamaria, Jabalpur for drawing a panel of Medical Practitioners "HMP" to be hired full time service on contractual basis for Ordnance Factory Hospital Khamaria.

| | |
|---|---|
| Education/ Qualification | MBBS or Equivalent Degree Recognized by MCI/NMC. Candidate should be registered with Central/State Medical Council. |
| Remuneration | Rs. 75000.00 per month consolidated. |
| Daily rate of reduction for absence. | Rs. 2500.00 per day. |
| Date & Time of Interview | 27th May 2026, (Wednesday) at 10:00 a.m to 12:00 pm. |
| Venue | Ordnance Factory Hospital, Khamaria, CMO Chamber. Jabalpur - 482005. |
| Number of HMP to be hired | 01 (One) and to maintain a panel of selected candidates for future requirement. |
| Period of Contract | 06 months (further 06 months extension may be considered on satisfactory performance by the competent authority). It is purely contractual in nature. "Instructions of DOP&T related to reservation policy, as issued from time to tome are to be strictly complied with". |
| Leave | Sundays & National Holidays would be compensated with "C off". |

The willing candidates along with MCI recognized MBBS Degree certificates and Medical Registration Certificate in original (with one attested photocopy) & resume / bio-data, two recent photographs and along with identification card (Passport/Pan Card, Aadhar Card/Driving License/Voter I.D) may report on the said date & time at Ordnance Hospital Khamaria, CMO Chamber for the walk-in-interview.

**CMO I/c**
**OFH-OFK**


**नवाचार** कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान ने बनाई कक्षा 6वीं से 8वीं तक क्यूआर कोड आधारित डिजिटल अध्ययन व्यवस्था

# क्यूआर कोड आधारित डिजिटल अध्ययन से आसान होगी पढ़ाई, सरलता से समझ आएंगे कठिन विषय

**नवभारत, कटनी।** जिले में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और तकनीक आधारित पढ़ाई को बढ़ावा देने के के लिए जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान ने कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्रों के लिए क्यूआर कोड आधारित डिजिटल अध्ययन व्यवस्था विकसित की है। इस नवाचार को लागू करने वाला कटनी मध्यप्रदेश का पहला जिला बन गया है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य शासकीय स्कूलों में उपलब्ध संसाधनों का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करना है। साथ ही, ग्रामीण और सामान्य पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को एकसमान, उच्च गुणवत्तायुक्त और सरल अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना है। जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान ने कक्षा 6 से 8 तक के मुख्य विषयों हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के प्रत्येक अध्याय के लिए चयनित और उच्च गुणवत्ता वाले शैक्षणिक वीडियो शॉर्टलिस्ट किए हैं। इन वीडियोज के विशिष्ट क्यूआर कोड तैयार किए गए हैं। अब शिक्षक या विद्यार्थी स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से सिर्फ इस क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे और सीधे संबंधित अध्याय की डिजिटल सामग्री स्क्रीन पर लाइव हो जाएगी। इससे कठिन विषयों को भी दृश्यों के माध्यम से समझना बेहद आसान हो जाएगा। इस डिजिटल मॉडल की खासियत यह है कि यह सिर्फ इंटरनेट पर उपलब्ध सामग्री पर निर्भर नहीं है।



जिन कठिन अध्यायों के प्रासंगिक वीडियो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध नहीं थे, उनके लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर डाइट के विशेषज्ञ शिक्षकों ने खुद कमान संभाली। शिक्षकों ने स्वयं सरल, सहज और स्थानीय भाषा शैली में वीडियो लेक्चर तैयार किए हैं। इसका सीधा लाभ ग्रामीण और पिछड़े परिवेश से आने वाले उन बच्चों को मिलेगा, जिन्हें तकनीकी भाषा समझने में परेशानी होती थी। जिले के 45 शासकीय विद्यालयों और 9 छात्रावासों में कुल 99 स्मार्ट बोर्ड स्क्रीन स्थापित थीं। लेकिन उचित प्रशिक्षण की कमी और पाठ्यक्रम के अनुकूल कंटेंट नहीं होने के कारण ये संसाधन लगभग निष्क्रिय पड़े थे। कलेक्टर के इस नवाचार ने इन बंद पड़े संसाधनों का फायदा मिलेगा। अब जिले के हर कोने में बच्चों को एक जैसी उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सकेगी। आमतौर पर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या उनके अवकाश पर होने से बच्चों की पढ़ाई का नुकसान होता है, लेकिन जिले का यह मॉडल इस समस्या का भी समाधान करता है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश अग्रहरी ने बताया जिन विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है या किसी कारणवश शिक्षक अनुपस्थित रहते हैं, वहां भी अब पढ़ाई बाधित नहीं होगी। मॉनिटर या विद्यार्थी स्वयं स्मार्ट बोर्ड पर क्यूआर कोड स्कैन कर डिजिटल कक्षाएं संचालित कर सकेंगे। इससे बच्चों में सेल्फ-लर्निंग की आदत भी विकसित होगी। शिक्षा विभाग ने इस मुहिम में अभिभावकों को भी जोड़ने की योजना बनाई है। अधिकारियों का मानना है कि इस क्यूआर कोड व्यवस्था को अभिभावकों के साथ साझा किया जाए, तो बच्चे घर पर भी अपने माता-पिता के मोबाइल का उपयोग सिर्फ गेम खेलने या मनोरंजन के लिए करने के बजाय पढ़ाई और ज्ञानवर्धन के लिए करेंगे। इससे घर के भीतर भी पढ़ाई का एक सकारात्मक माहौल तैयार होगा। जिले का यह डिजिटल मॉडल देश और प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था के लिए एक नजीर है। यह साबित करता है कि प्रशासनिक इच्छाशक्ति, शिक्षकों का समर्पण और आधुनिक तकनीक का सही तालमेल हो, तो सीमित संसाधनों के बावजूद सरकारी स्कूलों की तस्वीर और तकदीर दोनों को बदला जा सकता है।